


# चित्रकूट के समग्र विकास कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करें : विजय

## चित्रकूट विकास प्राधिकरण की समीक्षा बैठक आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**सतना, 16 मई. चित्रकूट विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष विजय यादव ने शुक्रवार शाम चित्रकूट नगर परिषद सभागार में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित समग्र विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने सभी निर्माण एवं विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।**

बैठक में तहसीलदार कमलेश भदौरिया, सीएमओ अंकित सोनी, रेंजर अभिषेक मिश्रा, चित्रकूट विकास प्राधिकरण से दीपेंद्र सिंह राजपूत, उत्कर्ष सिंह, प्रवीण जायसवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान अध्यक्ष विजय यादव ने कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त पेयजल एवं टॉयलेट सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश पर्यटन विभाग को दिए। साथ ही परिक्रमा मार्ग के निर्माण कार्य में तेजी लाने पर जोर दिया। वन विभाग द्वारा विकसित किए जा रहे राम संस्कृति वन के संबंध में अध्यक्ष श्री यादव ने वहां वनवासी राम की भव्य प्रतिमा स्थापित किए जाने का सुझाव दिया। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रवेश शुल्क न्यूनतम रखने की बात भी कही। जल संसाधन विभाग (ङ्खक्रष्ठ) को विभिन्न घाटों से मिट्टी हटाने, मोहकमगढ़ घाट तक पक्का मार्ग निर्माण कराने तथा सभी प्रमुख घाटों पर टॉयलेट ब्लॉक विकसित करने के निर्देश दिए गए।

### सीबर प्रोजेक्ट की हुई समीक्ष

बैठक में सीवर प्रोजेक्ट की प्रगति की भी समीक्षा की गई। अध्यक्ष श्री यादव ने परियोजना को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि मंदाकिनी नदी में गंदे पानी के प्रवाह को रोकना प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक के अंत में अध्यक्ष श्री विजय यादव ने नगर परिषद एवं सीएमओ को नागरिकों में जनजागरूकता बढ़ाकर व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाने का सुझाव दिया, जिससे चित्रकूट को स्वच्छ एवं हरित स्वरूप प्रदान किया जा सके।

# कांग्रेस ने की 5 विधानसभाओं में 77 नए मंडलम अध्यक्षों की घोषणा

## सभी क्षेत्रों में नए चेहरों को मिला मौका

**नवभारत न्यूज**

**सतना , 16 मई. कांग्रेस पार्टी ने जिले में बड़ा संगठनात्मक फेरबदल किया है। कांग्रेस द्वारा जारी आधिकारिक सूची में 5 विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर कुल 77 मंडलम अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है।**

जिसमे से रामपुर बघेलान (67), नागौद (64), सतना ग्रामीण (63), रैगांव (62) और चित्रकूट (61) के अंतर्गत आने वाले सभी मंडलमों के अध्यक्षों के नामों का ऐलान कर दिया गया है। सूची में क्षेत्रीय और जातीय समीकरणों को साधते हुए अनुभवी और युवा चेहरों को तरजीह दी गई है।

रामपुर बघेलान विधानसभा सीट से 23,नागौद विधानसभा सीट 16 , सतना विधानसभा सीट से 3 , रैगांव विधानसभा सीट से 17 और चित्रकूट विधानसभा सीट से 18 मंडलम अध्यक्ष नियुक्त किए गए

वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि मंडलम स्तर पर की गई नियुक्तियां बूथ स्तर के प्रबंधन को और मजबूती प्रदान करेगी ।

# बिना लाइसेंस 220 बोरी महुआ जब्त

## वन विभाग ने की कार्रवाई, सांई ट्रेडर्स सील






**नवभारत न्यूज**

**सतना, 16 मई. मझगवां वन परिक्षेत्र अधिकारी रंजन सिंह परिहार ने बिना लाइसेंस के महुआ की खरीदी और परिवहन करने वाले ? साई ट्रेडर्स को सील करते हुए करीब चार सौ बोरा महुए को जप्त किया है, एवं परिवहन में उपयोग वाहन को महुए के साथ जप्त कर कार्यवाही की है.**

मिली जानकारी के अनुसार साई ट्रेडर्स के नामपर रामरूप शिवहरे अवैध रुप से महुए का व्यापार कर रहा था मझगवां रेंजर ने जैव विविधता अधिनियम के तहत कार्यवाही कर जप्ती की है।

कार्यवाही जैव विविधता अधिनियम 2004 के अंतर्गत पंजीयन न होने से अवैध रूप से भंडारण एवम परिवहन किये जाने से सम्बंधित की गोदाम सील की गई तथा वाहन को जप्त कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# खून के लिए पैसे भी लग गए मिला गुणवत्ताविहीन खून

## फिर सामने आया ब्लड बैंक में दलाली का मामला

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 16 मई. ब्लड बैंक में खून की दलाली के चर्चे बीते महीने चरम पर थे. शनिवार को फिर एक मामला ऐसा स ामने आये जिसमें खून के लिए मरीज के परिजनों से दलालों ने 8 हजार वसूल लिये और जो खून दिया वह गुणवत्ताविहीन निकला.**

जिला अस्पताल में शनिवार को ब्लड दलाली का मामला फिर से सामने आया है.पीड़ित के मुताबिक बताया गया है कि राम अवतार साकेत का एक्सीडेंट 12 में को हुआ था सिसमें उसे गंभीर रूप से चोटे आई थी उनमें खून की कमी पाई गई जिसके लिए डॉक्टरों ने उन्हें ब्लड चढ़ाने के लिए कहा था.



बताया गया कि रामावतार साकेत के साथ आए परिजनों ने ब्लड के लिए ब्लड बैंक में संपर्क साधा जहां ए पॉजिटिव ब्लड ना मिलने के कारण उन्हें कहीं और से अरेंज करने के लिए कहा गया. उन्होंने अपने रिश्तेदार संपर्क साधना कहीं भी ब्लड ना मिलने के कारण किसी ने उनको रोहित साहू का नंबर दिया. रोहित साहू ने ए पॉजिटिव ब्लड अरेंज करने की बात की। अस्पताल द्वारा मिली रिपोर्ट में मरीज के परिजन में जिनका नाम दिलीप कुमार वर्मा है शायद सिरमौर के रहने वाले हैं। उनको रोहित साहू से ए पॉजिटिव ब्लड के बदले 8000 रुपए की मांग की. शनिवार की सुबह रोहित साहू ने ब्लड को अरेंज कर अभय सिंह नामक व्यक्ति के हाथ भेजा और फोन पर 8000 डलवाए ब्लड जो रोहित साहू के द्वारा दिया गया वह रीवा के विंध्या हॉस्पिटल से लाया गया था जिसमें ब्लड को रखे जाने के सारे मानक नहीं थे, ब्लड में क्लॉट जमा हो गया.

### सिविल सर्जन ने एसडीएम को बुलाया

जब जानकारी अस्पताल के द्वारा जुटाए गई तो परिजनों ने बताया कि उन्हें यह ब्लड रोहित साहू ने अरेंज किया है इसकी सूचना सिविल सर्जन अमर सिंह को दी गई इसके बाद उन्होंने अस्पताल से ब्लड अरेंज करा कर मरीज को दिया। सिविल सर्जन को पता चलने के बाद उन्होंने एसडीएम सिटी राहुल सिलाडिया को मामले की जानकारी दी जिसमें एसडीएम ने खुद अस्पताल पहुंचकर व्यक्ति से जानकारी ली और मामले की रिपोर्ट दर्ज करने को कहा. दलाली का यह मामला दिसंबर में भी पहले आ चुका है जिसमें दो दलालों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है. कार्यवाही अभी भी लंबित है सिविल सर्जन ने बताया कि मामले की सूचना मिलने के बाद टीम गठित कर जांच की जा रही है.


# सूने मकान का ताला तोड़ कर लाखों की चोरी

▸ सीसीटीव्ही में कैद हुए नकाबपोश चोर

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 16 मई. शहर में चोरो के हौसले बुलंद, पुलिस की गश्त को चुनौती देते हुए नकाबपोश चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया , कोलगवां थाना अंतर्गत शुक्ला बरदाडीह क्षेत्र में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए सोने के जेवरात और नगदी पार कर दिया।**

चोरी की यह पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीव्ही कैमरों में कैद हो गई , जिसमें दो नकाबपोश चोर घर के अंदर वारदात को अंजाम देते नजर आ रहे हैं। पीडि़त चन्द्रमोल पाण्डेय निवासी ग्राम गोरसरी खुटहा, हाल निवास शुक्ला बरदाडीह ने पुलिस को बताया कि वह 8 मई की रात करीब 10 बजे अपने घर में ताला बंद कर पत्नी के साथ सिविल लाइन स्थित अपने




पिता के घर गए थे। अगले दिन 9 मई को सुबह इंटरसिटी ट्रेन से जबलपुर के लिए रवाना हो गए। सुबह करीब 9 बजे उनके पड़ोसी विजयकांत तिवारी ने फोन पर सूचना दी कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। जब पीड़ित ने वापस आकर देखा तो बाहर के गेट का ताला टूटा था और घर के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। घर की तलाशी लेने पर पीड़ित को पता चला कि दीवान के अंदर रखे 4 लाख रुपये नगद और सोने की दो चेन गायब हैं। घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर पता चला कि 9 मई की रात करीब 3 बजे दो अज्ञात बदमाश कपड़े से चेहरा ढककर घर में घुसे . चोरों ने बड़ी ही चालाकी से ताला तोड़ा और कीमती सामान समेटकर फरार हो गए। पीड़ित ने तत्काल कोलगवां थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

# मीजल्स नियंत्रण व स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 16 मई. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शुक्ला आज नागौद विकासखंड के ग्राम गिनजारा में मीजल्स के प्रकरण पाए जाने के पश्चात विभाग द्वारा ओआरआई के अंतर्गत किए जा रहे अतिरिक्त टीकाकरण एवं अन्य फॉलोअप गतिविधियों का औचक निरीक्षण किया गया।**

इस दौरान उन्होंने समीपस्थ ग्राम कतकोन कला का भी भ्रमण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके पश्चात डॉ. शुक्ला सिविल अस्पताल नागौद पहुंचे, जहां उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों एवं अन्य स्टाफ की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही चिकित्सालय का निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने समस्त चिकित्सकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने, भर्ती मरीजों हेतु आईवी स्टैंड, आवश्यक सामग्री एवं पर्याप्त बेडशीट की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश मौके पर उपस्थित खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति को दिए।



# नीट के विरोध में कांग्रेस का मशाल जुलूस

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 16 मई. जिला कांग्रेस कमेटी शहर सतना के अध्यक्ष आरिफ इ?बाल सिद्दीकी के नेतृत्व मे नीट 2026 पेपर लीक प्रकरण एवं विद्यार्थियों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ के विरोध मे मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर जिला कॉग्रेस कमेटी सतना ने मशाल जुलूस निकाला.**




यह जुलूस पुष्करणी पार्क से पन्नीलाल चौक, चौक बाजार, बिहारी चौक होते हुए जयसथम्ब चौक सतना तक विशाल मशाल जुलूस निकाला गया. कार्यक्रम के दौरान जिला शहर अध्यक्ष आरिफ इ?बाल सिद्दीकी ने कहा की बार बार नीट परीक्षा का पेपर लीक होता है और हमारे देश के प्रदेश के विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवा? किया जा रहा है द्य कुछ बच्चों ने इस घटना से आहत होकर आत्महत्या भी कर ली है.

# आईएमए ने किया स्वयंसेवकों का स्वास्थ्य परीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 16 मई. इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन सतना द्वारा आई एम ए अध्यक्ष डॉ राकेश अग्रवाल के नेतृत्व में स्वयंसेवकों के स्वास्थ्य जागरूकता एवं बेहतर स्वास्थ्य के उद्देश्य से एक नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।**




इस शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आर.के. जैन, डॉ. सी.एम. तिवारी एवं डॉ. अद्वैत झा ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में स्वयंसेवकों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप, शुगर एवं अन्य आवश्यक जांचें की गईं तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए परामर्श दिया गया। चिकित्सकों ने नियमित व्यायाम, संतुलित आहार एवं समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर उपस्थित स्वयंसेवकों ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आई एम ए सतना के पदाधिकारियों ने भविष्य में भी जनहित में ऐसे स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

## एक नजर में




### डेंगू दिवस पर कार्यशाला आयोजित, प्रचार रथ रवाना

**सतना।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार 16 मई को विश्व डेंगू दिवस पर जिला और ब्लॉक स्तर पर कार्यशाला आयोजित कर डेंगू रथ को रवाना किया गया है जिला मलेरिया अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला स्थानीय मलेरिया कार्यालय सतना में संपन्न हुई जिसमें ब्लॉक स्तर से मलेरिया इंस्पेक्टर सत्यनारायण , नोडल ऑफीसर डा विनय गुप्ता एवीएन सेक्टर सुपरवाजर विशेष रूप से उपस्थित रहे .

### भागवत में परीक्षित जन्म की कथा का हुआ वर्णन

**सतना,** । स्वर्गीय लवकुश प्रसाद गुप्ता की पुण्य स्मृति में संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 15 मई से 21मई तक गौशाला चौक स्थित ओमकार पैलेस में किया गया है। व्यास पीठ से श्री छबीले छैल बिहारी जी महाराज वृंदावन वाले कथा का संगीतमयी सरस वाचन कर रहे हैं। स्वर्गीय लवकुश प्रसाद गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती उषा गुप्ता, पुत्रवधू श्रीमती प्राजंलि गुप्ता, पुत्र आशीष गुप्ता कथा के मुख्य यजमान है . जबकि अमित गुप्ता व्यवस्था की कमान संभाले हुए हैं।






### लायंस लंगर सेवा में खिचड़ी प्रसाद वितरित

सतना। लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंडस सतना द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को अनवरत जारी लायंस लंगर सेवा के तहत आज शनिवार बेटी अंशिका पुत्री वैभव सक्सेना पूना के जन्मदिन पर एवं श्री राघवेंद्र सक्सेना बब्लू भइया की वैवाहिक वर्षगाँठ पर पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन संतोष कुमार सक्सेना परिवार की ओर से श्री हनुमान जी मंदिर सी एम एच ओ आफिस के सामने धवारी सतना में खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया लगभग 600 भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया ।




# बिरला समूह ने सीएसआर मद से दी दिव्यांग बच्चों को तिपहिया साइकिल

**नवभारत न्यूज**

**सतना 16 मई. दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए एम.पी. बिरला आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड के कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) विभाग ने पाँच दिव्यांग बच्चों को तिपहिया साइकिल प्रदान की।**

इस अवसर पर बोलते हुए आरसीसीपीएल के इकाई प्रमुख श्री देवेंद्र कुमार पटेल ने कहा- एम.पी. बिरला आरसीसीपीएल में हमारा दृढ़ विश्वास है कि हर बच्चे को विकास और सफलता के समान अवसर मिलने चाहिए। ये तिपहिया साइकिल मात्र यातायात का साधन नहीं, बल्कि सशक्तिकरण का माध्यम हैं। ये दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और सामाजिक रूप से सक्रिय बनाने में सहायक सिद्ध होंगी। हम दिव्यांगजनों के उत्थान और समावेशी समाज के निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे ।उपस्थित प्रमुख अतिथि एवं अधिकारी देवेंद्र कुमार पटेल इकाई प्रमुख, आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड अखिलेश सिंह माइंस प्रमुख अंतु चतुर्वेदी सरपंच, कुसेड़ी श्री बद्री पटेल साढेरा रहे.

# शीला को मिला एमएलबी के प्राचार्य का प्रभार

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 16 मई. पीएम श्री महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सतना में आज श्रीमती शीला सिंह ने विधिवत रूप से प्रभारी प्राचार्य पद का प्रभार ग्रहण किया।**



उन्हें यह दायित्व पूर्व प्राचार्य विश्वनाथ शुक्ला के निलंबन उपरांत कलेक्टर सतीश कुमार एस के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी गिरीश अग्निहोत्री द्वारा सौंपा गया है। इस अवसर पर राज्य शिक्षक संघ मध्य प्रदेश के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र त्रिपाठी ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि श्रीमती शीला सिंह के नेतृत्व में विद्यालय पुन: अनुशासन, पारदर्शिता, शैक्षणिक गुणवत्ता एवं संस्कारों की उत्कृष्ट परंपरा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय की गरिमा, छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य एवं सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ करने में उनका नेतृत्व महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### कपड़े बेचने आया फेरीवाला 20 हजार चुराकर फरार

**सतना, 16 मई.** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में शुक्रवार को दिनदहाड़े चोरी की एक वारदात सामने आई है। भैंसा खाना इलाके स्थित रामपुर ट्रांसपोर्ट एजेंसी में एक फेरी वाले ने कपड़े बेचने के बहाने ट्रांसपोर्टर के 20 हजार रुपये चुरा लिए और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीडि़त ट्रांसपोर्टर नागेन्द्र द्विवेदी ने देर रात सिटी कोतवाली थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

# पीजेएल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ, नई कार्यकारिणी ने संभाला कार्यभार

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 16 मई. पीजेएल कॉलोनी परिसर स्थित क्रिकेट ग्राउंड में 11 मई को पीजेएल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 6 टीमें भाग ले रही हैं, जबकि टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 5 जून को पीजेएल क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा।**



इस अवसर पर प्लांट हेड मनीष कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन आपसी टीम भावना को मजबूत करने के साथ-साथ सहयोग एवं समन्वय की भावना को भी बढावा देते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु शुभकामनाएं दीं। हेड एचआरएम एंड कॉर्पोरेट अफेयर्स एवं हेड कॉर्पोरेट एचआर डॉ. मनीष कुमार सिन्हा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन कर्मचारियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ संगठन में सकारात्मक कार्य संस्कृति को भी सुदृढ़ करते हैं। उद्घाटन अवसर पर पीजेएल की नई कार्यकारिणी ने औपचारिक रूप से अपना कार्यभार ग्रहण किया। हाल ही में क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है.